CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 216 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 28 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## दलित नेता प्रतिपक्ष को हजम नहीं कर पा रही बीजेपी : जूली

### विधानसभा को जानबूझकर बाधित किया जा रहा, सवाल पूछने नहीं दिया जाता

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**




राजस्थान विधानसभा में जारी गतिरोध को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। सर्वदलीय बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में जूली ने आरोप लगाया कि बीजेपी जानबूझकर विधानसभा की कार्यवाही बाधित कर रही है और एक दलित नेता के प्रतिपक्ष में आने को स्वीकार नहीं कर पा रही है।

जूली ने कहा कि यह राजस्थान के इतिहास में पहली बार है जब कोई दलित नेता नेता प्रतिपक्ष बना है, लेकिन बीजेपी इस सच्चाई को पचा नहीं पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष लगातार यह रणनीति बना रहा है कि उन्हें किस तरह कमजोर किया जाए। 'मेरे पीछे योजनाबद्ध तरीके से लगे रहते हैं, लेकिन मैं डरने वाला नहीं हूं ।

नेता प्रतिपक्ष ने स्पष्ट आरोप लगाते हुए कहा कि अब तक सदन को बाधित करने का काम बीजेपी ने ही किया है। 'सदन में पहले ये लोग उकसाते हैं, शोर मचाते हैं और फिर कार्यवाही बाधित कर देते हैं। बातचीत और समाधान की कोई कोशिश नहीं की जाती। इनका मकसद सिर्फ यही है कि नेता प्रतिपक्ष खड़ा हो तो उसे बैठा दिया जाए, सवाल पूछने ही न दिए जाएं । जूली ने कहा कि विधानसभा की परंपरा रही है कि बड़े मुद्दों का समाधान पक्ष और विपक्ष के बीच संवाद से निकलता है, लेकिन मौजूदा सरकार सवालों से भाग रही है। ना मीटिंग करना चाहते हैं, ना चर्चा। बस सदन चलने ही नहीं देना चाहते ।

अपने ऊपर हो रहे कथित हमलों को लेकर जूली ने दो टूक कहा कि वे किसी दबाव में आने वाले नहीं हैं। मैंने संविधान की शपथ ली है कि विधानसभा के नियमों और परंपराओं के तहत राजस्थान की जनता की आवाज उठाऊंगा। सरकार से जवाब मांगूंगा। जवाब दें तो ठीक, नहीं दें तो वही घोड़े वही मैदान ।

जूली ने बीजेपी पर केवल 'पर्सेप्शन' बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता पक्ष जानबूझकर यह भ्रम फैलाता है कि विपक्ष सदन को बाधित कर रहा है। 'सरकार को सिर्फ अपना बजट पास कराना है, राजस्थान की जनता से कोई मतलब नहीं है। किसान, युवा, गरीब और महिलाएं सब देख रहे हैं कि सदन में क्या हो रहा है ।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर जनहित के मुद्दों पर सदन कुछ समय के लिए बाधित होता है तो उसमें गलत कुछ भी नहीं है। 'रात के तीन-तीन बजे तक सदन चलता रहा है। सरकार की जिम्मेदारी है कि जनता के सवालों का जवाब दे, लेकिन ये जवाब देने से भागना चाहते हैं ।

नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि विधानसभा में कैमरों से जुड़े विपक्ष के मुद्दे पर भी स्पीकर के समक्ष अपनी बात रखी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता उम्मीद भरी निगाहों से विधानसभा की ओर देख रही है और विपक्ष उनकी आवाज बनकर हर सवाल उठाता रहेगा।

## एवरेस्ट से लौटे आकाश लोढ़ा का शाहपुरा में ऐतिहासिक स्वागत

### तिरंगे संग निकला विजय जुलूस, भीगती बारिश बनी गौरव की साक्षी





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचंद पेसवानी)** माउंट एवरेस्ट के दक्षिणी बेस कैंप पर तिरंगा फहराकर इतिहास रचने वाले शाहपुरा के युवा पर्वतारोही आकाश लोढ़ा का मंगलवार को नगर में ऐतिहासिक और भव्य स्वागत किया गया। जैसे ही आकाश शाहपुरा पहुंचे, पूरा शहर उत्सव और गौरव के रंग में रंग गया। विभिन्न सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों, महिला मंडलों और युवाओं ने पुष्पमालाओं के साथ उनका आत्मीय अभिनंदन किया। स्वागत जुलूस में आकाश के साथ उनके माता-पिता भी खुली जीप में सवार रहे, जिनका नागरिकों ने सम्मानपूर्वक अभिवादन किया।

धरती देवरा वाटिका से प्रारंभ हुआ यह सम्मान जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ त्रिमूर्ति स्मारक, रामनिवास धाम, बस स्टैंड होते हुए भीलवाड़ा रोड स्थित लोढ़ा हाउस पहुंचा। जुलूस के दौरान नगर में करीब 125 से अधिक स्थानों पर स्वागत-सत्कार किया गया। कहीं पुष्पवर्षा हुई तो कहीं ढोल-नगाड़ों और देशभक्ति गीतों के बीच गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। आकाश पूरे मार्ग में हाथ में तिरंगा लिए चलते रहे, जिससे जनउत्साह और अधिक बढ़ गया।

जुलूस के दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई, लेकिन इससे स्वागत के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। छाते और रेनकोट के बीच भी नागरिक सड़कों के किनारे खड़े होकर आकाश का अभिनंदन करते रहे। कई स्थानों पर युवाओं ने भीगते हुए तिरंगा लहराया और नारे लगाए। लोगों का कहना था कि मानो बारिश भी इस वीर सपूत के स्वागत में सहभागी बन गई हो।

आकाश के स्वागत में नगर के सभी वर्गों की भागीदारी देखने को मिली। जैन समाज श्वेतांबर एवं दिगंबर, महिला मंडल, कांग्रेस पदाधिकारी, शाहपुरा श्याम सेवा समिति, भाजपा कार्यकर्ता, साहित्यकार, यंग स्पोर्ट्स क्लब सहित लगभग सभी सामाजिक संगठनों ने अलग-अलग स्थानों पर स्वागत किया। कई जगहों पर आकाश को दुपट्टा, पगड़ी, शॉल और साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। व्यापारिक प्रतिष्ठानों ने स्वागत द्वार सजाए, वहीं घरों की छतों से पुष्पवर्षा की गई।

नगरवासियों ने कहा कि आकाश लोढ़ा की यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे शाहपुरा के लिए गौरव का विषय है। माइनस तापमान, ऑक्सीजन की कमी और कठिन ट्रैकिंग के बीच एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचकर तिरंगा फहराना साहस, संकल्प और देशभक्ति का प्रतीक है। यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

स्वागत के दौरान आकाश भावुक नजर आए। उन्होंने हाथ जोड़कर सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनका व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे शाहपुरा का है। उन्होंने युवाओं से अपने सपनों को ऊंचाइयों तक ले जाने और देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उनके माता-पिता ने भी नगरवासियों का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें अपने बेटे पर गर्व है।

पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों और भारत माता की जय व आकाश लोढ़ा जिंदाबाद के नारों से शहर गूंजता रहा। छोटे बच्चे हाथों में तिरंगा लिए जुलूस के साथ चलते नजर आए, वहीं बुजुर्गों ने इसे शाहपुरा के इतिहास का गौरवपूर्ण क्षण बताया।

एवरेस्ट की बर्फीली ऊंचाइयों से लौटे इस युवा पर्वतारोही के सम्मान में आयोजित यह समारोह किसी पर्व से कम नहीं रहा। मंगलवार का दिन शाहपुरा के लिए सदैव यादगार बन गया, जब पूरे नगर ने एकजुट होकर अपने सपूत का हृदय से स्वागत किया।

## बनास नदी में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, डीएसटी का शिकंजा 5 जेसीबी, 3 डंपर व 13 ट्रैक्टर जब्त, माफिया फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**





जहाजपुर क्षेत्र में बनास नदी से हो रहे अवैध खनन और बजरी के अवैध परिवहन के खिलाफ जिला विशेष की डीएसटी टीम ने मंगलवार तड़के बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन माफिया के नेटवर्क पर जोरदार प्रहार किया। अलग-अलग दिशाओं से मौके पर पहुंची टीम ने नदी के दोनों किनारों से घेराबंदी कर जेसीबी, डंपर और ट्रैक्टर जब्त किए। हालांकि, कार्रवाई की भनक लगते ही बजरी माफिया मौके से फरार हो गया।

**नदी पार कर की गई सुनियोजित तड़के कार्रवाई**

सूचना मिलने पर डीएसटी ने पूरी रणनीति के साथ तड़के ऑपरेशन शुरू किया। टीम का एक हिस्सा डंपर में बैठकर नदी पार पहुंचा, जबकि दूसरी टीम स्कॉर्पियो में पहले से दूसरी ओर तैनात रही। दोनों तरफ से एक साथ घेराबंदी कर अवैध खनन में लगे वाहनों को निशाने पर लिया गया।

**दोनों ओर से घेराबंदी, भारी संख्या में वाहन जब्त**

कार्रवाई के दौरान मौके से कुल 5 जेसीबी मशीनें, 3 डंपर और 13 ट्रैक्टर जब्त किए गए। अचानक हुई कार्रवाई से माफिया सकते में आ गया, लेकिन कोई भी आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका।

**जहाजपुर व पंडेर थानों में खड़े करवाए वाहन**

जब्त वाहनों को अलग-अलग थानों में सुरक्षित खड़ा करवाया गया। जहाजपुर थाना क्षेत्र में 3 जेसीबी, 3 डंपर और 10 ट्रैक्टर रखवाए गए, जबकि पंडेर थाना क्षेत्र में 2 जेसीबी और 3 ट्रैक्टर खड़े किए गए हैं।

**माइनिंग डिपार्टमेंट को सौंपी गई पूरी जानकारी**

पुलिस ने अवैध खनन में शामिल सभी जब्त वाहनों की सूचना माइनिंग डिपार्टमेंट को भेज दी है। आगे की कानूनी कार्रवाई विभागीय स्तर पर की जाएगी।

**कार्रवाई से माफिया में हड़कंप, सख्त संदेश**

डीएसटी की इस तड़के कार्रवाई के बाद अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। जिला प्रशासन और पुलिस ने साफ संदेश दिया है कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसी सख्त कार्रवाइयां जारी रहेंगी।

## जी राम जी जनजागरण अभियानः सांसद दामोदर अग्रवाल ने गांव-गांव लगाई किसान-श्रमिक चौपाल

### विकसित भारत अभियान के तहत जी राम जी योजना को लेकर किया जनसंवाद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार विकसित भारत जी राम जी जनजागरण अभियान के अंतर्गत भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने अपने संसदीय क्षेत्र की विभिन्न विधानसभाओं के गांवों में किसान-श्रमिक चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों एवं किसानों को जी राम जी योजना के प्रति जागरूक करते हुए इसकी उपयोगिता और लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि चौपालों में सांसद दामोदर अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि जी राम जी योजना से किसी भी लाभार्थी को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा। नई योजना के तहत पूर्व की 100 दिन की रोजगार गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। यदि किसी कारणवश 125 दिन का रोजगार उपलब्ध नहीं हो पाता है, तो लाभार्थी को भत्ता दिए जाने का भी प्रावधान है। साथ ही वर्ष में फसल कटाई के दौरान दो माह जी राम जी के कार्य बंद रहेंगे, लेकिन इस अवधि को 125 दिन की गणना में शामिल नहीं किया जाएगा।

सांसद अग्रवाल ने कांग्रेस द्वारा जी राम जी योजना को लेकर फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार से ग्रामीणों को सतर्क रहने का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस जनता को इस योजना के नाम पर गुमराह कर रही है।

अभियान के तहत आसींद विधानसभा के ग्राम ब्राह्मणों की सरेरी एवं बंक्या रानी माताजी, मांडल विधानसभा के ग्राम धुंवाला एवं गुवारड़ी, तथा भीलवाड़ा शहर में किसान-श्रमिक चौपालों का सफल आयोजन किया गया।

सांसद अग्रवाल ने कहा कि जनहित को समर्पित यह अभियान गांव-गांव तक सही जानकारी पहुंचाने और किसानों-श्रमिकों को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर जारी रहेगा।

## खनिज, राजस्व व पुलिस विभाग की कार्रवाई, ट्रेलर जब्त , 1.58 लाख रुपये का जुर्माना




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

उपखण्ड क्षेत्र के आंटी गांव स्थित जंगल क्षेत्र में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन से अवैध रूप से पत्थर का परिवहन करते हुए एक वाहन को जब्त किया है। फोरमेन गिरिराज मीणा ने बताया कि आंटी गांव के चारागाह क्षेत्र से पत्थर भरकर ले जाने की मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर पत्थर भरे एक ट्रेलर को जब्त किया तथा 1 लाख 58 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

इस कार्रवाई के दौरान गिरदावर संजय पाराशर एवं कांस्या चौकी इंचार्ज नरेश सुखवाल भी मौके पर मौजूद रहे ।

## गोपालपुरा में पैंथर का हमला, गोवंश घायल, ग्रामीणों में दहशत

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।



**मानव तिवाड़ी**। उपखण्ड क्षेत्र के गोपालपुरा गांव में पैंथर के हमले से एक गोवंश घायल हो गया। घटना गांव निवासी प्रकाश राठौर के घर पर बंधे गाय के बछड़े के साथ हुई।

परिजन हेमा राठौर ने बताया कि सोमवार रात करीब 2 बजे पैंथर ने बछड़े पर हमला कर दिया। अचानक हुई घटना से घर में अफरा-तफरी मच गई। शोर-शराबा होने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद पैंथर जंगल की ओर भाग गया।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में पिछले कई दिनों से पैंथर का मूवमेंट देखा जा रहा है, जिससे लोगों में भय का माहौल है। घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गई है। वन विभाग की ओर से जल्द ही पिंजरा लगाने का आश्वासन दिया गया है। आबादी क्षेत्र में पैंथर की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है और लोगों ने वन विभाग से जल्द ठोस कार्रवाई की मांग की है।

# भीलवाड़ा में सांसद की जनसुनवाई, बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं पर हुआ त्वरित संवाद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




जिले के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह जनसुनवाई सांसद दामोदर अग्रवाल के नेतृत्व में सम्पन्न हुई, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए उपभोक्ताओं ने अपनी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं।

जनसुनवाई कार्यक्रम में बिजली आपूर्ति में व्यवधान, गलत बिलिंग, मीटर संबंधी समस्याएँ, नए विद्युत कनेक्शन, ट्रांसफार्मर खराब होने, वोल्टेज की समस्या सहित अन्य विद्युत संबंधी शिकायतें सामने आईं। सांसद अग्रवाल ने सभी उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं नियमानुसार समाधान के निर्देश दिए।

अग्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक कदम उठाए जाएँ। सांसद ने स्पष्ट किया कि समयबद्ध, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना विद्युत विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

जनसुनवाई में मौजूद उपभोक्ताओं ने इस पहल पर संतोष व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा। यह कार्यक्रम उपभोक्ताओं और विद्युत विभाग के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने वाले विद्युत उपभोक्ताओं को प्रोत्साहन स्वरूप इंडक्शन कूकर वितरित किए गए। इस अवसर पर सांसद अग्रवाल ने कहा कि रूफटॉप सोलर से न केवल बिजली बिलों में कमी आती है, बल्कि स्वच्छ और हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से योजना का लाभ उठाने की अपील की।

साथ ही अधिकारियों द्वारा पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभ, अनुदान प्रक्रिया एवं आवेदन संबंधी जानकारी भी उपभोक्ताओं को दी गई।

जनसुनवाई कार्यक्रम में भीलवाड़ा वृत्त अधीक्षण अभियंता ओ.पी. महला, अधिशाषी अभियंता (शहर) ओ.पी. खटोड, अधिशाषी अभियंता (शाहपुरा) डी.के. मित्तल, कार्मिक अधिकारी अंशिका जैन, सहायक अभियंता राम मिलन यादव, अनिल शर्मा एवं हवा सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेवा कार्यः एबीवीपी ने जरूरतमंद बच्चों को दिया शिक्षा का संबल



भीलवाड़ा फोकस @ आसींद। ।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा घुमंतू बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से एक सराहनीय सेवा कार्य किया गया। एबीवीपी नगर अध्यक्ष प्रभुलाल गुर्जर एवं नगर सहमंत्री धनराज उर्फ दीपक कुमार सोनी के निर्देशन में परिषद कार्यकर्ताओं ने कस्बे के दुलेहसागर की पाल पर निवास कर रहे घुमंतू परिवारों के बीच पहुंचकर बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की। नगर सहमंत्री धनराज सोनी ने बताया कि सेवा गतिविधि के तहत जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी किट दी गई । सोनी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सहयोग करना है। इस सेवा कार्य में परिषद के आयुष शर्मा, दुर्गेश राजपूत, अर्जुन मराठा, पूरण गोस्वामी, मुकेश पुरी, देवकीनंदन और दिव्यांशु सेन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भक्ति और कला का संगमः बावड़ी वाले बालाजी के मस्तक पर विराजित हुआ स्वर्णमयी नूतन मुकुट





भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

कस्बे में भक्ति और आस्था का अनुपम दृश्य देखने को मिला है । मंगलवार को बावड़ी वाले बालाजी मंदिर में बजरंगबली का नूतन श्रृंगार किया गया। इस दौरान भक्तों की मौजूदगी में प्रभु के मस्तक पर स्वर्णमयी नूतन मुकुट विराजित किया गया।

यह भव्य एवं कलात्मक मुकुट ब्यावर निवासी भक्त मोनिका रोहित सोनी द्वारा विशेष रूप से तैयार कर समर्पित किया गया। कड़ी मेहनत, सूक्ष्म नक्काशी और अटूट श्रद्धा से निर्मित इस मुकुट की कलात्मकता देखते ही बनती है। जैसे ही मुकुट हनुमानजी की प्रतिमा को धारण कराया गया, प्रभु का स्वरूप और भी अलौकिक व मनोहारी हो उठा।

मुकुट के अनावरण और प्रभु के इस नूतन श्रृंगार के दर्शन के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। मंदिर पुजारी दुर्गा शंकर शर्मा ने कहा कि नूतन मुकुट के साथ बालाजी महाराज की छवि अत्यंत आकर्षक प्रतीत हो रही है और यह भक्तिभाव को और सुदृढ़ करता है।

इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु टीकमचंद सोनी ने कहा कि भक्त की कला ने बजरंगबली के इस मुकुट में मानो प्राण फूंक दिए हैं। प्रभु की प्रतिमा पर यह मुकुट उनकी दिव्यता को और बढ़ा रहा है।

## हत्या के प्रयास के मामले में छह आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ फूलियाकलां ।

थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित एक विशेष टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की बीती 21 जनवरी को लाली देवी पत्नी रामप्रसाद प्रजापत ने बाड़े के विवाद को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाया था । घटना में अशोक एवं रामप्रसाद के सिर में गंभीर चोटें आई, जिनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। गंभीर चोटें पाए जाने पर मामले में धाराओं का इजाफा किया गया। अनुसंधान के दौरान आरोपी लाल सिंह, खान सिंह, महावीर सिंह, शैतान सिंह, कमल सिंह निवासी अरवड़, थाना फूलियाकलां तथा राजेन्द्र सिंह निवासी पंडेरी के विरुद्ध अपराध प्रमाणित पाया गया। इसके बाद पुलिस ने सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

फिलहाल पुलिस द्वारा प्रकरण में आगे की कार्रवाई एवं अनुसंधान जारी है।

## अफीम डोडा चूरा तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अफीम डोडा चूरा तस्करी के एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पारसोली थाना क्षेत्र से दस्तयाब किया गया है।

पुलिस ने थानाधिकारी स्वागत पाण्डया के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा माण्डलगढ़ थाने के एनडीपीएस एक्ट के मामले में वांछित आरोपी मनीष कुमार पुत्र शम्भूनाथ, जाति नाथ, उम्र 21 वर्ष, निवासी चावण्डिया खेरी, पारसोली, चित्तौड़गढ़ को दबिश देकर दस्तयाब किया। बाद में अनुसंधान के पश्चात उसे प्रकरण में गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी द्वारा अवैध रूप से अफीम डोडा चूरा बेचने का मामला सामने आया है। अभियुक्त से गहन पूछताछ एवं अनुसंधान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में पूर्व में तीन अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

# मौसम की मारः चार गांवों में ओलावृष्टि से फसलें चौपट



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।

**(सांवर वैष्णव)** मौसम की अचानक बदली चाल ने एक बार फिर किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। कोटड़ी उपखंड क्षेत्र के बिशनिया, आसोप, बोरड़ा एवं दातड़ा गांवों में मंगलवार को बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ने खेतों में खड़ी फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचाया, जिससे क्षेत्र के किसान गहरी चिंता में नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सवाईपुर एवं कोटड़ी क्षेत्र में मंगलवार सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ था। कई गांवों में सुबह से हल्की से रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। इसी दौरान दोपहर बाद करीब 4 बजे बिशनिया गांव में 15 से 20 मिनट तक तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। इस दौरान मक्का के दाने एवं छोटे बेर के आकार के ओले गिरे।

ओलावृष्टि से किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं, सरसों, चना एवं जौ की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर फसलें खेतों में गिर गई, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया। बैमौसम हुई इस प्राकृतिक आपदा से किसान प्रशासन से शीघ्र सर्वे और मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## पेंशनर्स भवन निर्माण की मांग, विधायक ने 20 लाख की घोषणा की



भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

**राजेंद्र बबलू पोखरना**

राजस्थान पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा के तत्वावधान में पेंशनर्स सदस्यों ने कोटड़ी में पेंशनर्स भवन निर्माण की मांग को लेकर जहाजपुर-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि कोटड़ी में पेंशनर्स भवन नहीं होने के कारण सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बैठकों एवं विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

पेंशनर्स ने बताया कि विशेषकर बरसात के मौसम में कार्यक्रमों के आयोजन में कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं, जिससे संगठनात्मक गतिविधियां प्रभावित होती हैं। पेंशनर्स की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक गोपीचंद मीणा ने कोटड़ी में पेंशनर्स भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए का बजट जारी करने की घोषणा की। विधायक की इस घोषणा से पेंशनर्स में खुशी की लहर दौड़ गई। पेंशनर्स सदस्यों ने विधायक का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर धर्मचंद जीनगर, ओम पालीवाल, सोहन बंडेला, कैलाश जोशी, गोविंद सिंह राणावत, नारायण सिंह, लालचंद टेलर सहित पेंशनर संगठन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## डॉ. शर्मा ने दोबारा संभाला कोटड़ी बीसीएमओ का कार्यभार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

**राजेंद्र बबलू पोखरना**



उप जिला चिकित्सालय कोटड़ी में विभागीय आदेश एवं जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुरेश कुमार शर्मा ने ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (बीसीएमओ) का कार्यभार दूसरी बार पुनः संभाल लिया है।


कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. शर्मा ने कहा कि कोटड़ी में नवसृजित उप जिला चिकित्सालय के माध्यम से क्षेत्रवासियों को बेहतर, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि आमजन को सुचारु चिकित्सा सुविधा मिले, इसके लिए वे पूर्ण निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

डॉ. शर्मा ने चिकित्सा विभाग के कार्मिकों को सेवाभाव से कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा विभागीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सभी कर्मचारी आपसी समन्वय से कार्य करें।

उल्लेखनीय है कि तीन माह पूर्व भी डॉ. शर्मा के पास ही बीसीएमओ का कार्यभार था। उनकी कार्यशैली और प्रशासनिक दक्षता को देखते हुए जिला अधिकारियों द्वारा पुनः उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

डॉ. शर्मा के बीसीएमओ पदभार ग्रहण करने पर चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

## लढ़ा माहेश्वरी महिला महासभा की तहसील अध्यक्ष मनोनीत



भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।

माहेश्वरी समाज महासभा की स्थानीय बैठक का आयोजन मंगलवार को उपखण्ड मुख्यालय पर किया गया। इस दौरान बैठक में संगठनात्मक विस्तार एवं सामाजिक गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया तथा नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया सर्वसम्मति से संपन्न हुई।

महासभा के दौरान पूर्व तहसील अध्यक्ष अल्का लढ़ा, आशा लढ़ा एवं सचिव सुधा भंडारी के सानिध्य में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष पद पर अल्का लढ़ा तथा सचिव पद पर सोनू असावा को मनोनीत किया गया।

चुनाव प्रक्रिया चुनाव प्रभारी इन्द्रिरा विनय झवर की देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान पूर्व तहसील अध्यक्ष आशा लढ़ा, पूर्व तहसील सचिव सुधा भंडारी, नगर महिला सचिव गायत्री काबरा, तहसील कार्यकर्ता कृष्णा काबरा, सुमन झंवर, राधा झंवर, नगर अध्यक्ष बीगोद राधे रानी तोतला, सचिव शान्ता देवी बीगोद एवं सदस्य मीना बांगड़ सहित तहसील क्षेत्र की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

महासभा में संगठन को और अधिक मजबूत करने, महिलाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने तथा रचनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित सदस्यों ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।



# गणतंत्र दिवस समारोह में भीलवाड़ा फोकस के पत्रकारों का सम्मान, 77वां समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न


## उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए फोकस संवाददाताओं को मिला सम्मान


संवाददाता नरेश धाकड़ का सम्मान


संवाददाता रमेश गुर्जर का सम्मान




मंच पर उपस्थित अतिथि






विधायक , उपखंड अधिकारी , प्रेस ट्रस्ट पदाधिकारी , प्रशासनिक अधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**रमेश गुर्जर/कपिल श्याम विजय**

उपखण्ड स्तरीय 77वां गणतंत्र दिवस समारोह कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 37 प्रतिभावान व्यक्तियों के साथ-साथ भीलवाड़ा फोकस के पत्रकारों के सम्मान को विशेष रूप से सराहा गया। इस अवसर पर प्रेस ट्रस्ट सदस्य व भीलवाड़ा फोकस संवाददाता रमेश गुर्जर तथा नरेश धाकड़ को निष्पक्ष एवं जनहितकारी पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में पत्रकारों के सम्मान को लेकर उपस्थित जनसमूह में विशेष उत्साह देखने को मिला।

समारोह की शुरुआत पुलिस, होमगार्ड एवं स्कूली दलों की अनुशासित परेड से हुई। परेड दलों ने मंचासीन अतिथियों को सलामी दी, जिसने कार्यक्रम को राष्ट्रीय गौरव से ओत-प्रोत कर दिया।

समारोह के मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने की। अपने उद्बोधन में विधायक खंडेलवाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि संविधान और अनुशासन के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से अनुशासन के साथ आगे बढ़ते हुए देश को गौरवान्वित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन पर दर्शकों ने तालियों से उत्साह बढ़ाया। पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

समारोह में शिक्षा, खेल, पुलिस, चिकित्सा, सामाजिक सेवा, कला व साहित्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 37 चयनित प्रतिभावान व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में तहसीलदार ललित डीडवानिया, अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल, विकास अधिकारी अशेष शर्मा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष संजय धाकड़, भाजपा निवर्तमान मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील जोशी मनोज सनाढ्य सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें पूरा वातावरण देशभक्ति के जयघोषों से गूंज उठा।

## बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**नरेश धाकड़** । नगर में मंगलवार अल सुबह बारिश के साथ ओले गिरने से मौसम अचानक बिगड़ गया। वहीं ग्रामीण इलाकों में रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा। तेज मेघ गर्जना के साथ हुई बारिश से कई खेतों में पानी भर गया, जिससे फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार कुछ क्षेत्रों में बारिश के साथ कुछ समय के लिए ओलावृष्टि भी हुई, जिससे खेतों में खड़ी फसलें प्रभावित हुई हैं। विशेष रूप से लक्ष्मी खेड़ा, छोटी बिजोलिया एवं बेरिसाल क्षेत्रों में फसलों को नुकसान पहुंचने की सूचना है।



किसानों ने बताया कि खेतों में पानी भरने और ओलावृष्टि के कारण रबी की फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। यदि मौसम इसी प्रकार बना रहा तो नुकसान और बढ़ सकता है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

## पीएम श्री राजकीय विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं लोकार्पण समारोह सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाकरा में मंगलवार को वार्षिक उत्सव एवं लोकार्पण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक गोपीचंद मीना उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विधायक गोपीचंद मीना ने विद्यालय में नव-निर्मित दो कक्षा-कक्षों का लोकार्पण किया तथा कक्षा 9 की 51 बालिकाओं को साइकिल वितरण कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। साथ ही उन्होंने शीघ्र ही कला संकाय प्रारंभ करने की घोषणा की, जिससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। उन्होंने छात्राओं को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।



विद्यालय के प्रधानाचार्य सोजीराम मीना ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालय में हो रहे अधोसंरचना विकास की जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, किशनगढ़ प्रधानाचार्य धर्मचन्द मीना, जीएसएम अध्यक्ष रामकुवार मीना, पूर्व सरपंच राकेश खटीक, वार्ड पंच सत्यनारायण सेन, दीपक पाराशर, किशनसिंह, शिव प्रकाश प्रजापत, रामगोपाल शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कोटड़ी में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से सम्पन्न

### उपखण्ड अधिकारी तानिया रिणवा ने किया ध्वजारोहण, विधायक गोपीचन्द मीणा ने विकास योजनाओं पर डाला प्रकाश

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपखण्ड स्तरीय मुख्य समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी तानिया रिणवा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान की गूंज से वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया।



मुख्य समारोह पहली बार श्री चारभुजानाथ मंदिर के पास स्थित विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किया गया, जिससे ग्रामीणों की अच्छी उपस्थिति देखने को मिली। कार्यक्रम में स्कूली बालक-बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ व्यायाम प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। वहीं मुख्यालय स्थित आदर्श विद्या मंदिर, नोबल पब्लिक स्कूल एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में संस्था प्रधानों द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

समारोह में जहाजपुर विधायक गोपीचन्द मीणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं व्यायाम पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कोटड़ी उपखण्ड में कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए आगामी दिनों में प्रस्तावित विकास योजनाओं की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम में निवर्तमान प्रधान करण सिंह बेलवा, चारभुजा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, पूर्व प्रधान जमनालाल डीडवानिया एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन सहित अन्य वक्ताओं ने क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों की मांग रखी। वक्ताओं ने गणतंत्र दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने पर जोर दिया।

समारोह के दौरान उपखण्ड क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। वहीं पहली बार किसी भी विभाग के कार्मिकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित नहीं किए जाने को लेकर चर्चाएं भी रहीं। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेड़वास में भामाशाह एवं सेवानिवृत्त अध्यापक लालचंद दर्जी का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व उपखण्ड अधिकारी तानिया रिणवा, विधायक गोपीचन्द मीणा एवं पुलिस उपाधीक्षक द्वारा परेड की सलामी ली गई। कार्यक्रम में निवर्तमान प्रधान करण सिंह बेलवा, विकास अधिकारी रामविलास मीणा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक पारीक, एसीबीओ सुभाष यादव, थाना प्रभारी महावीर मीणा सहित सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। संचालन भगवतीलाल शर्मा ने किया।

# आदर्श धाकड़ विद्यापीठ में देशभक्ति के रंग में रंगा गणतंत्र दिवस समारोह

## अनुशासन, परेड और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मनाया गया

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



(नरेश धाकड़) 77वां गणतंत्र दिवस समारोह कस्बे के आदर्श धाकड़ विद्यापीठ संस्थान, नयागांव में हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में उपस्थित जनसमूह में विशेष उत्साह देखने को मिला।

समारोह की शुरुआत होमगार्ड एवं स्कूली बच्चों की अनुशासित परेड से हुई। परेड दल ने मंचासीन अतिथियों को सलामी दी, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रीय गौरव से ओत-प्रोत हो गया।

समारोह की मुख्य अतिथि विवेक सुषमा चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष दीपशिखा धाकड़ ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के सचिव रमेशचंद्र धाकड़ ने की।

अपने उद्बोधन में दीपशिखा धाकड़ ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि संविधान, कर्तव्य और अनुशासन के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है।

उन्होंने युवाओं से पूर्व विधायक स्व. विवेक धाकड़ के पदचिह्नों पर चलने तथा अनुशासन के साथ आगे बढ़कर देश को गौरवान्वित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया। पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

समारोह में शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

समारोह में धाकड़ समाज अध्यक्ष मांगीलाल धाकड़, किसान पंचायत अध्यक्ष नारायणलाल धाकड़, सामूहिक विवाह सम्मेलन अध्यक्ष ओमप्रकाश धाकड़, विद्यालय सचिव रमेशचंद धाकड़, पूर्व सरपंच शंकरलाल धाकड़,

धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पप्पूलाल धाकड़, युवा संघ प्रदेश महामंत्री दुर्गेश धाकड़, तहसील अध्यक्ष प्रेमचंद धाकड़, उपाध्यक्ष राजेश धाकड़ (अमूल), नरेश धाकड़, एडवोकेट रामफूल धाकड़, मनीष धाकड़, सोहनलाल धाकड़, सुगनलाल धाकड़, दिनेश धाकड़, रामसिंह धाकड़ सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, इस दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति के जयघोषों से गूंज उठा।

# कैंटीन और सरस पार्लर भवन का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




राज्य वित्त आयोग मद से 18.50 लाख रूपये की स्वीकृति से राजीविका कैंटीन और सरस पार्लर भवन का शिलान्यास मंगलवार को मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल एवं विधायक अशोक कोठारी की अध्यक्षता में विशिष्ठ अतिथि प्रशांत मेवाड़ा, पूर्व उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन रणजीत सिंह की उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया है। कार्यक्रम में सांसद अग्रवाल द्वारा राजीविका सखी से जुड़ी बहनों को टेबलेट वितरण किये और कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं में राजीविका समूह से जुड़ी महिलाएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही है और टेबलेट के माध्यम से सशक्त कर महिलाओं को संचार से जोड़कर आगे बढ़ाया जा रहा है ताकि तकनीकी रूप से मजबूत होकर आगे बढ़े।

कार्यक्रम में अधिशाषी अभियंता गोपाल टेलर, मुख्य लेखा अधिकारी नरेंद्र तातेड, जिला परियोजना प्रबंधक नागेंद्र तोलंबिया, अमित जोशी एवं जिला परिषद अधिकारी और कर्मचारी, राजीविका समूह से जुड़ी समस्त कैडर और राजीविका स्टाफ उपस्थित रहें।

# आयुष्मान आदर्श ग्राम योजनाः भीलवाड़ा जिले की 5 ग्राम पंचायतों का चयन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



प्रदेश में आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं गांवों को स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार की आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के तहत प्रथम चरण में भीलवाड़ा जिले की 5 ग्राम पंचायतों शिवरति, होड़ा, बनका खेड़ा, मनोहरपुरा एवं खेजड़ी का चयन किया गया है।

आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना की पहली जिला स्तरीय बैठक मंगलवार को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में योजना से संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. महाराज सिंह ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 18 स्वास्थ्य सूचकांकों/मानकों पर शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने पर चयनित ग्राम पंचायत को 11 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

वहीं डॉ. हिम्मत धाकड़ ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य चयनित ग्राम पंचायत के प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को न्यूनतम करना एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देना है।

# जहाजपुर में विकास कार्यों का लोकार्पण, नमो उद्यान व तालाब सौंदर्यकरण बना आकर्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**



नगर पालिका क्षेत्र में शहरी विकास को नई दिशा देते हुए मंगलवार को विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। जहाजपुर विधायक एवं गोपीचंद मीणा ने नगर पालिका क्षेत्र में कराए गए जनोपयोगी कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें आमजन को समर्पित किया।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान नमो उद्यान, तालाब सौंदर्यकरण, तिरंगा स्थापना, ओपन जिम, लाइटिंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे तथा चारदीवारी निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया गया। भवरकला तालाब, जो वर्षों से वीरान पड़ा हुआ था, उसके पाल क्षेत्र को सौंदर्यकरण कर ऐतिहासिक एवं आकर्षक स्थल के रूप में विकसित किया गया है। तालाब परिसर में मॉर्निंग वॉक ट्रैक, बाग-बगीचा, बच्चों के खेलने के संसाधन, बुजुर्गों के बैठने की व्यवस्था सहित विभिन्न सुविधाएं विकसित की गई हैं, जिससे आमजन को शांत वातावरण में घूमने-फिरने एवं समय बिताने की सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नरेश मीणा, भाजपा नेता किशोर शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष महेंद्र खटीक, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजीव काटिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद टाक, भाजपा नेता कैलाश टीपन, भेरुलाल टांक, नगर पालिका पार्षदगण, पार्टी कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहः आईवीएफ ने यातायात सुरक्षा प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन (आईवीएफ) एवं उसकी युवा शाखा के तत्वावधान में वैश्य समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शहर में आयोजित यातायात सुरक्षा प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

यह प्रदर्शनी जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग तथा राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात संकेतों एवं आवश्यक सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई

इस अवसर पर आईवीएफ युवा जिलाध्यक्ष अंकित सोमानी ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होती हैं।

आईवीएफ के मनीष बंब ने बताया कि यातायात प्रभारी द्वारा उपस्थित लोगों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा यातायात नियमों के पालन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में संभागीय युवा अध्यक्ष देवेंद्र डाणी ने सभी आगंतुकों, पदाधिकारियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान महिला प्रदेश संगठन महामंत्री आरती कोगटा, जिला महामंत्री ललित अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र जैन, हर्ष राठी, सचिन काबरा, राहुल सोमानी, त्रिदेव मूंदड़ा, मितेश सोडाणी, आशीष शाह जैन, अखिल झवर सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### राजस्थान मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन का दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



शहर स्थित सुखाड़िया स्टेडियम में राजस्थान मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन मंगलवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सचिव डॉ. के. एस. नाथावत उपस्थित रहे। उनके साथ केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश काबरा, डॉ. राजेंद्र छीपा, डॉ. नरेंद्र सिंह रानावत, पुष्पेंद्र जैन, रजत अग्रवाल, वैभव गोधा एवं अंकित पगारिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दो दिवसीय टूर्नामेंट में भीलवाड़ा की टीम एमआर किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि चित्तौड़गढ़ की चित्तौड़ वॉरियर्स टीम उपविजेता रही। विजेता टीम के कप्तान सत्यम पांचाल को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन में स्टेट अध्यक्ष रामेश्वर जाट, सेक्रेटरी कुलदीप सिंह, कोषाध्यक्ष कपिल वर्मा, स्टेट वर्किंग कमेटी सदस्य महावीर पांडे एवं क्रिकेट वर्किंग कमेटी के सदस्य रुपेश साहू, अंकुर महेश्वरी, राजेंद्र पांडे, गिरिराज मेघवाल, भरत सेन, सोहन सिंह नेगी और संदीप जैन का सराहनीय योगदान रहा।

### आगूचा में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा।**



77वां गणतंत्र दिवस समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आगूचा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि प्रशासक ज्योति जितेंद्र नागर सहित अतिथियों ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। कार्यक्रम में स्थानीय व निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने व्यायाम प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर भामाशाहों व समाजसेवियों का सम्मान किया गया तथा ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की जानकारी प्रदर्शित की गई।

भामाशाह रामगोपाल व विजय कुमार जायसवाल ने विद्यालयों के विकास हेतु विभिन्न राशि घोषणाएँ कीं। साथ ही अन्य भामाशाहों द्वारा भी पूर्व में व वर्तमान में विद्यालय विकास में सहयोग किया गया। संस्था प्रधान कैलाश आमेटा एवं विद्यालय परिवार ने सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक पवन कुमार पाड़लिया व स्नेहलता मूंदड़ा ने किया।

### आसींद में विधायक ने ली मार्च पास्ट की सलामी, 114 का सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



77वां गणतंत्र दिवस समारोह महात्मा गांधी विद्यालय परिसर में धूमधाम से मनाया गया। समारोह में आसींद-हुरड़ा विधायक जबर सिंह सांखला के मुख्य आतिथ्य व उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह की अध्यक्षता में ध्वजारोहण किया गया। विधायक सांखला ने मार्च पास्ट की सलामी ली।

कार्यक्रम में राजकीय व निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने व्यायाम प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवियों सहित 114 लोगों का सम्मान किया गया तथा 54 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में नगर पालिका व प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद् एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन सुनील बड़ौला ने किया।

### मौसम का बदला मिजाजः सुबह बारिश, दिन में छाए बादल

**भीलवाड़ा फोकस @महुआ।**



**महावीर वैष्णव ।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को अलसुबह अचानक मौसम ने करवट ली और बारिश का दौर शुरू हो गया। बारिश के कारण कस्बे की सड़कों पर हल्का पानी बहने लगा।

इसके बाद फिर से आसमान में काले बादल छा गए और सुबह करीब 9:20 बजे हल्की बारिश हुई, जिससे ठंडक का असर बढ़ गया। दिनभर मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिला। मंगलवार को सूरज और बादलों के बीच लुका-छिपी का खेल चलता रहा और अधिकांश समय सूरज बादलों की ओट में छिपा रहा।

दिनभर मौसम के बदले मिजाज और अनिश्चितता के चलते किसानों के चेहरे उदास नजर आए।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।